प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2024
(स्कूल शिक्षा विभाग)

# CSL-25

**789229**

प्रश्न–पुस्तिका संख्या व बारकोड /
**Question Booklet No. & Barcode**

**इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए । Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

| | |
|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या | : 48 |
| Number of Pages in Booklet | : 48 |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या | : 150 |
| No. of Questions in Booklet | : 150 |

**Paper Code : 49**

**Paper – II**

**Sub : Music**

परीक्षा तिथि - 2/7/2025

**समय : 03:00 घण्टे + 10 मिनट अतिरिक्त***
**Time : 03:00 Hours + 10 Minutes Extra***

**अधिकतम अंक : 300**
**Maximum Marks : 300**

**प्रश्न–पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :**
- **प्रश्न–पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान हैं ।**
- **प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं । समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है ।**

**किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न–पत्र प्राप्त कर लें । यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper, the candidate should ensure that :**
- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है ।**
2. **सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।**
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिए । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
4. **OMR** उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल नीले बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है ।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है ।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पाँच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है ।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उत्तर-पत्रक में पाँचवें (5) विकल्प को गहरा करें । यदि पाँच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।**
10. ***प्रश्न-पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक जाँच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है । इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पाँच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है तो उसको अयोग्य माना जायेगा ।**
12. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।
13. **मोबाइल फोन अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।**

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question. If more than **one** answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in **OMR** Answer Sheet. Candidates will themselves be responsible for filling wrong Roll No.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10. ***After solving question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time, is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
13. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt with as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022 & any other laws applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**उत्तर–पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर–पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें । वीक्षक उत्तर–पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे । परीक्षार्थी को उत्तर–पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी ।**

1. रुद्र–वीणा के तारों की संख्या के आधार पर संगीत–पारिजात में रुद्र–वीणा के कितने भेद बताये गये हैं ?
(1) 4 (2) 5
(3) 6 (4) 7
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. कितने 'करणों' की धारावाहिक–क्रिया को भरत ने 'अंगहार' के रूप में परिभाषित किया है ?
(1) दो से अधिक (2) तीन से अधिक
(3) चार से अधिक (4) पाँच से अधिक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. निम्नलिखित में से किस राग के 'आरोह' में क्रम से $\frac{5}{4}, \frac{16}{15}, \frac{9}{8}, \frac{5}{4}$ तथा $\frac{16}{15}$ स्वर अंतरालों का प्रयोग किया गया है ?
(1) भूपाली (2) बिहाग
(3) मालकौंस (4) देस
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. यदि धमार ताल के पहले, झपताल के दूसरे, तीव्रा के तीसरे और दीपचंदी के चौथे विभाग की मात्राओं को जोड़ दिया जाए, तो किस अन्य ताल की मात्रा–संख्या प्राप्त होगी ?
(1) पंजाबी (2) झूमरा
(3) एकताल (4) चौताल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. संगीत रत्नाकर के अनुसार, मन्द्र का चिह्न क्या है ?
(1) स्वर के नीचे बिंदु लगाना
(2) स्वर के ऊपर बिंदु लगाना
(3) स्वर के ऊपर खड़ी रेखा
(4) स्वर के नीचे खड़ी रेखा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

1. How many types of Rudra-Veena has been described in Sangeet-Parijat based on the number of strings of Rudra Veena ?
(1) 4 (2) 5
(3) 6 (4) 7
(5) Question not attempted

2. The serial-action of how many 'Karana' has been defined by Bharat as 'Angahaar' ?
(1) More than two
(2) More than three
(3) More than four
(4) More than five
(5) Question not attempted

3. In the 'Aroh' of which raga the order of $\frac{5}{4}, \frac{16}{15}, \frac{9}{8}, \frac{5}{4}$ and $\frac{16}{15}$ swar-intervals are used ?
(1) Bhupali (2) Bihag
(3) Malkouns (4) Des
(5) Question not attempted

4. If the 'matras' of first 'Vibhag' of Dhamar taal, second 'Vibhag' of Jhaptal, third 'Vibhag' of Teevra and forth 'Vibhag' of Deepchandi are added, then the number of 'matras' of which 'Taal' will be obtained ?
(1) Punjabi (2) Jhoomra
(3) Ektal (4) Chautal
(5) Question not attempted

5. What is the sign of 'Mandra', according to Sangeet Ratnakar ?
(1) Dot under the 'swara'
(2) Dot over the 'swara'
(3) Vertical line over the 'swara'
(4) Vertical line under the 'swara'
(5) Question not attempted

6. कौन सा कथन सत्य नहीं है ?
(1) आंगिक अभिनय द्वारा भावों की अभिव्यक्ति नृत्य है ।
(2) वस्त्राभूषणों से व्यक्त अभिनय 'सात्विक अभिनय' है ।
(3) भाव तथा अभिनय के अभाव की शारीरिक क्रिया 'नृत्त' है ।
(4) वाक्य को अभिनय द्वारा प्रदर्शित करना 'नाट्य' है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. तत्काल संधिप्रकाश स्वर दिखाने वाला "स्वर समुदाय" है :
(1) नि̣ सा रे̲ ग (2) नि̣̲ सा रे̲ ग̲
(3) नि̣ सा रे̲ ग̲ (4) नि̣ सा रे ग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. आधुनिक सभी 'सारिका' युक्त तन्त्री वाद्य किस वीणा का विकसित रूप हैं ?
(1) चित्रा वीणा (2) एकतन्त्री वीणा
(3) किन्नरी वीणा (4) रावण हत्था
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. बाँसुरी के संबंध में कौन सा तथ्य सही नहीं है ?
(1) बाँसुरी जितनी मोटी होगी, उतनी नीची तारता के स्वर प्राप्त होंगे ।
(2) बाँसुरी की लंबाई भी उसके स्वरों के नीचे होने का कारण है ।
(3) बाँसुरी के सभी छिद्र बंद करने पर निकलने वाला स्वर है – मंद्र प ।
(4) 'कोमल-स्वरों' की प्राप्ति के लिये बाँसुरी में अलग छिद्र बने होते हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. किस राग के आरोह में चार 'अर्द्ध-स्वरों' का प्रयोग है ?
(1) खमाज (2) भैरव
(3) भैरवी (4) यमन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. Which statement is false ?
(1) Dance is the expression of emotion through body acting.
(2) Acting expressed through clothes and jewellery is 'Satvik acting'.
(3) 'Nritta' is a physical act without emotion and acting.
(4) Presentation of dialogue through acting is 'Natya'.
(5) Question not attempted

7. "Swara-Samudaya" which shows the immediate image of SANDHI-PRAKASH Swaras.
(1) Ṇi Sa r̲e̲ Ga
(2) ṇ̲i̲ Sa r̲e̲ g̲a̲
(3) Ṇi Sa r̲e̲ g̲a̲
(4) Ṇi Sa Re Ga
(5) Question not attempted

8. All the modern stringed instruments with frets are the developed forms of which Veena ?
(1) Chitra Veena
(2) Ektantri Veena
(3) Kinnari Veena
(4) Ravan Hattha
(5) Question not attempted

9. Which fact is not true regarding flute ?
(1) The thicker the flute, the lower the pitch will be.
(2) Length of flute is also the reason for its notes' low.
(3) Note that comes out when all the holes of the flute are closed is – Mandra-Pa.
(4) Separate holes are made to obtain 'Komal-Swaras' on flute.
(5) Question not attempted

10. Four semi-tones are used in the 'Aroha' of which 'Raga' ?
(1) Khamaj (2) Bhairav
(3) Bhairavi (4) Yaman
(5) Question not attempted

11. अभिकथन (A) : जिस प्रकार भैरवी के 'रिषभ' को 'सा' मानने पर 'यमन' के स्वर प्राप्त होते हैं, उसी प्रकार भैरवी के 'गंधार' को 'सा' मानने पर 'खमाज-थाट' के स्वर प्राप्त होते हैं।

कारण (R) : 'आधार-स्वर' परिवर्तित करने पर विभिन्न रागों के स्वरों को प्राप्त कर सकते हैं।

(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं।
(2) (A) सही है परन्तु (R) असत्य है।
(3) (A) तथा (R) दोनों असत्य हैं।
(4) (A) असत्य है परंतु (R) सत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. सत्रिया-नृत्य से संबंधित कौन सा/से तथ्य सही नहीं है/हैं ?

A. इस नृत्य के विख्यात कलाकार शंकरन नंबूद्रीपाद हैं।
B. व्याहार-गीतों का प्रयोग
C. मणिपुरी शैली से साम्य
D. बोर-गीत का प्रयोग
E. 'हस्त-मुद्राएँ' नाट्यशास्त्र पर आधारित

(1) केवल A (2) D तथा E
(3) केवल D (4) B, C तथा D
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. निम्न को सुमेलित कीजिये :

| | ग्रन्थकार | | मेल |
|---|---|---|---|
| A. | लोचन | i. | 23 |
| B. | सोमनाथ | ii. | 10 |
| C. | श्रीकंठ | iii. | 9 |
| D. | भातखण्डे | iv. | 12 |

सही सुमेल है –

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | iii | ii |
| (2) | i | iv | ii | iii |
| (3) | iii | ii | iv | i |
| (4) | ii | iii | i | iv |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. **Assertion (A) :** The notes of 'Yaman' can be obtained by considering Bhairavi's 'Rishabh' as 'Sa', similarly, the notes of 'Khamaj-Thaat' will be obtained by considering Bhairavi's 'Gandhar' as 'Sa'.

**Reason (R) :** Various 'ragas' can be obtained by the change of 'Tonic'.

(1) (A) and (R) both are true.
(2) (A) is true but (R) is false.
(3) (A) and (R) both are false.
(4) (A) is false but (R) is true.
(5) Question not attempted

12. Indicate the facts which are not true regarding Satriya-dance :

A. Shankaran Nambudripaad is the famous dancer of this dance.
B. Use of Vyaahar-Geet
C. Similar to Manipuri Dance
D. Use of Bore-Geet
E. 'Hast-Mudras' based on Natyashastra

(1) Only A (2) D & E
(3) Only D (4) B, C & D
(5) Question not attempted

13. Match the following :

| | **Musicologist** | | **Mela** |
|---|---|---|---|
| A. | Lochan | i. | 23 |
| B. | Somanath | ii. | 10 |
| C. | Shreekanth | iii. | 9 |
| D. | Bhatkhande | iv. | 12 |

Correct Match is –

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | iii | ii |
| (2) | i | iv | ii | iii |
| (3) | iii | ii | iv | i |
| (4) | ii | iii | i | iv |

(5) Question not attempted

14. निम्नलिखित लक्षणों के आधार पर कलाकार को इंगित कीजिये :

(A) गमक अंग

(B) अतिद्रुत लय में सपाट तान

(C) शुरुआत में सारंगी वादक रहे

(D) ठुमरी गायक

(1) इनायत खान (2) भीमसेन जोशी

(3) बड़े गुलाम अली (4) कुमार गंधर्व

(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. निम्नलिखित में से 'मेवाती-घराने' के गायकों का चयन कीजिये :

A. मणि राम B. प्रताप नारायण

C. मोती राम D. ज्योति राम

(1) केवल A

(2) C तथा D

(3) B, C तथा D

(4) A, B, C तथा D सभी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. किन विद्वानों ने राग के समय-सिद्धान्त का वर्णन नहीं किया है, इंगित कीजिये :

A. शारंग देव B. भातखण्डे

C. भरत D. मतंग

(1) केवल B

(2) B तथा C

(3) A, C तथा D

(4) A तथा C

(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. संगीत दर्पण में वर्णित ताल के 4 ग्रहों के नाम का चयन कीजिए :

(1) लव, क्षण, काष्ठ, निमिष

(2) ताल, विताल, अनुताल, प्रतिताल

(3) काल, क्रिया, कला, कल्प

(4) इंद्रनील, महावज्र, कोकिल, सदानंद

(5) अनुत्तरित प्रश्न

789229 789229 789229 789229

14. Indicate the artist based on the following characteristics :

(A) Gamak Anga

(B) Sapaat taan in atidrut laya

(C) Was a sarangi-player in the beginning

(D) Thumri singer

(1) Inayat Khan

(2) Bheemsen Joshi

(3) Bade Gulam Ali

(4) Kumar Gandharv

(5) Question not attempted

15. Select the singers of 'Mewati-Gharana' among the following :

A. Mani Ram

B. Pratap Narayan

C. Moti Ram

D. Jyoti Ram

(1) Only A

(2) C & D

(3) B, C & D

(4) A, B, C & D All

(5) Question not attempted

16. Indicate the scholars who have not described the Time-theory of Ragas :

A. Sharangdev B. Bhatkhande

C. Bharat D. Matang

(1) Only B (2) B & C

(3) A, C & D (4) A & C

(5) Question not attempted

17. Select the names of 4 'Graha' of Taal mentioned in Sangeet Darpana :

(1) Lava, Kshna, Kashtha, Nimish

(2) Taal, Vital, Anutal, Pratital

(3) Kaal, Kriya, Kala, Kalp

(4) Indraneel, Mahavajra, Kokil, Sadanand

(5) Question not attempted

**18.** नृत्य के संबंध में भरतोक्त विवरण के अनुसार सुमेलित कीजिये :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. 'आँगिक अभिनय के उपांग' | I. पाद से आगे की ओर सरकने की क्रिया |
| b. 'पिंडी बंध' | II. हस्त–पाद का एक साथ संचालन |
| c. 'करण' | III. सामूहिक नृत्य |
| d. 'चारी' | IV. नेत्र, भ्रू |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | I | II | III |
| (2) | IV | III | II | I |
| (3) | III | IV | I | II |
| (4) | I | II | IV | III |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**19.** अहोबल के अनुसार निम्न अलंकारों को सुमेलित कीजिये :

| अलंकार | स्वर |
|---|---|
| a. भद्र | I. सासा गग, रेरे मम |
| b. नंद | II. सा ग प नि |
| c. अभ्युच्छय | III. सासा रेरे सासा |
| d. आक्षिप्त | IV. सारेसा, रेगरे |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | IV | I | II |
| (2) | IV | I | II | III |
| (3) | I | II | III | IV |
| (4) | IV | III | II | I |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**18.** Match the following elements related to dance according to Bharat :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. 'Upanga of Aangika abhinaya' | I. Sliding feet forward |
| b. 'Pindi-Bandha' | II. Simultaneous movements of hands and feet |
| c. 'Karan' | III. Group dance |
| d. 'Chaari' | IV. Eye, Eye-brow |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | I | II | III |
| (2) | IV | III | II | I |
| (3) | III | IV | I | II |
| (4) | I | II | IV | III |

(5) Question not attempted

**19.** Match the following Alankaras according to Ahobal :

| Alankar | Swara |
|---|---|
| a. Bhadra | I. SS GG, RR MM |
| b. Nand | II. S G P N |
| c. Abhyuchhaya | III. SS RR SS |
| d. Akshipt | IV. SRS, RGR |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | IV | I | II |
| (2) | IV | I | II | III |
| (3) | I | II | III | IV |
| (4) | IV | III | II | I |

(5) Question not attempted

789229

20. **अभिकथन (A)** : राग में लगने वाले स्वरों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य स्वर प्रयुक्त ना भी किया जाये, तो भी स्वरों की न्यूनाधिकता से भी 'तिरोभाव' किया जा सकता है ।

**कारण (R)** : 'राग' के 'स्वरूप' को अक्षुण्ण बनाये रखने को ही 'तिरोभाव' कहते हैं ।

(1) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं ।
(2) (A) सत्य है परंतु (R) असत्य है ।
(3) (A) तथा (R) दोनों असत्य हैं ।
(4) (A) असत्य है परंतु (R) सत्य है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. **अभिकथन (A)** : भातखण्डे ने अपने समय-सिद्धान्त के अनुसार 7 से 10 बजे भैरव-जन्य रागों को रखा है ।

**कारण (R)** : भातखण्डे ने थाटों का क्रम निर्धारण रागों के समय को ध्यान में रखकर निश्चित किया है ।

(1) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं ।
(2) (A) सत्य है परंतु (R) असत्य है ।
(3) (A) तथा (R) दोनों असत्य हैं ।
(4) (A) असत्य है परन्तु (R) सत्य है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. मैहर-घराने के कलाकारों को उनके वाद्यों के साथ सुमेलित कीजिये :

| कलाकार | वाद्य |
|---|---|
| a. तिमिर वरन | I. सितार |
| b. इन्द्र नील भट्टाचार्य | II. वायलिन |
| c. रॉबिन घोष | III. सुरबहार |
| d. अन्नपूर्णा | IV. सरोद |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | III | II | I |
| (2) | III | IV | I | II |
| (3) | IV | I | II | III |
| (4) | II | IV | III | I |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. **Assertion (A) :** Even if no other note is used apart from the notes used in the 'raga', 'tirobhav' can be done by using any note in more or less proportion.

**Reason (R) :** Keeping the 'swaroop' of a 'raga' intact is called 'Tirobhav'.

(1) (A) and (R) both are true.
(2) (A) is true but (R) is false.
(3) (A) and (R) both are false.
(4) (A) is false but (R) is true.
(5) Question not attempted

21. **Assertion (A) :** Bhatkhande has prescribed 7 to 10 o'clock time for Bhairav-originated 'ragas' according to his time-theory.

**Reason (R) :** Bhatkhande has determined the order of 'Thaats' keeping in mind the time-theory of 'Ragas'.

(1) (A) and (R) both are true.
(2) (A) is true but (R) is false.
(3) (A) and (R) both are false.
(4) (A) is false but (R) is true.
(5) Question not attempted

22. Match the artists of Maihar-Gharana with their instruments :

| Artist | Instrument |
|---|---|
| a. Timir Varan | I. Sitar |
| b. Indra Neel Bhattacharya | II. Violin |
| c. Robin Ghosh | III. Surbahar |
| d. Annapurna | IV. Sarod |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | III | II | I |
| (2) | III | IV | I | II |
| (3) | IV | I | II | III |
| (4) | II | IV | III | I |

(5) Question not attempted

23. किस राग में कोमल रे-ध, दोनों मध्यम, दोनों निषाद का प्रयोग होता है ?
(1) शिवमत भैरव
(2) रामकली
(3) परज
(4) रामदासी मल्हार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. कर्नाटकी पंचवाद्यम में सुषिर वाद्य कौन सा है ?
(1) कोम्बू
(2) तिमिला
(3) इडक्का
(4) इल्थलम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. 'प्रमाण श्रुति' में कितने सेंट व सेवर्ट होते हैं ?
(1) 20 – 4 (2) 22 – 5
(3) 27 – 8 (4) 24 – 6
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. किस ग्रंथकार ने संपूर्ण, षाडव, औडव तीन मेल प्रकार वर्णित किए हैं ?
(1) नान्यदेव
(2) विद्यारण्य
(3) अहोबल
(4) व्यंकटमखी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. नाट्यशास्त्र के अनुसार, 'षड्ज' स्वर के अनुवादी स्वर कौन से हैं ?
(1) ग, म, प (2) म, प, ध
(3) सा, म, प, सां (4) रे, ग, ध, नि
(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. यदि 'सा' की आंदोलन संख्या 200 मान लें तो ग, प स्वरों की आंदोलन संख्या क्या होगी ?
(1) 250 – 350 (2) 300 – 375
(3) 250 – 300 (4) 225 – 275
(5) अनुत्तरित प्रश्न

789229

23. In which raga komal Re-Dha, both Madhyma, both Nishad are used ?
(1) Shivmat Bhairav
(2) Ramkali
(3) Paraj
(4) Ramdasi Malhar
(5) Question not attempted

24. Which is the Sushir instrument in Karnataki Panchvadhyam ?
(1) Combu
(2) Timila
(3) Idakka
(4) Ilthalam
(5) Question not attempted

25. How many Cent and Saverts are in 'Praman Shruti' ?
(1) 20 – 4 (2) 22 – 5
(3) 27 – 8 (4) 24 – 6
(5) Question not attempted

26. Which author has mentioned three types of Mel–Sampurn, Shadav, Audav ?
(1) Nanyadev
(2) Vidyaranya
(3) Ahobal
(4) Vyankatmakhi
(5) Question not attempted

27. Which are the Anuvadi Swaras of 'Shadaj', according to Natyashastra ?
(1) Ga, Ma, Pa
(2) Ma, Pa, Dha
(3) Sa, Ma, Pa, Ṡa
(4) Re, Ga, Dha, Ni
(5) Question not attempted

28. What will be the frequency of Ga, Pa swaras if the frequency of 'Sa' is considered 200 ?
(1) 250 – 350 (2) 300 – 375
(3) 250 – 300 (4) 225 – 275
(5) Question not attempted

29. कर्नाटक संगीत के शुद्ध गंधार की आंदोलन संख्या क्या होगी ?

(1) 300 (2) 288
(3) 270 (4) 256
(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. पाश्चात्य संगीत के स्वर 'सोल' (Sol) के लिए, निम्नलिखित में से कौन सी संज्ञा प्रयुक्त नहीं होती है ?

(1) G (2) परफेक्ट V
(3) सुपर टॉनिक (4) डॉमिनेन्ट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. आंदोलन संख्या – '240 : 288 : 360' से प्राप्त कॉर्ड क्या कहलाएगा ?

(1) मेजर कॉर्ड
(2) माइनर कॉर्ड
(3) ओगमेंटेड कॉर्ड
(4) डिमिनिश्ड कॉर्ड
(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. तोड़ी की स्वरावलि "ध़̲ ऩि सा रे̲ ग̲ मं प ध̲" में कुल कितने षड्ज-पंचम संवादी स्वर युग्म हैं ?

(1) एक (2) दो
(3) तीन (4) चार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. ऩि̲ सा ग̲ म प – भीमपलासी,
ग̲ म ध नि̲ ध म ग̲ – बागेश्री,
म ध नि सां रें सां नि̲ ध – खमाज,
नि̲ प म प ग̲ म रे सा – कान्हड़ा
उक्त स्वर संगतियाँ मिलकर किस राग को दर्शाती हैं ?

(1) बहार (2) मियाँ मल्हार
(3) बसंत (4) जौनपुरी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. What will be the frequency of Shuddha Gandhar of Karnatic music ?

(1) 300 (2) 288
(3) 270 (4) 256
(5) Question not attempted

30. Which of the following term is not used for the note 'Sol' of western music ?

(1) G (2) Perfect V
(3) Super Tonic (4) Dominant
(5) Question not attempted

31. What will the chord obtained from frequency '240 : 288 : 360' be called ?

(1) Major Chord
(2) Minor Chord
(3) Augmented Chord
(4) Diminished Chord
(5) Question not attempted

32. How many Shadaj-Pancham Samvadi pairs are there in the following phrase of Todi ?
"Ḍ̲ Ṇ S R̲ G̲ M̍ P D̲"

(1) One (2) Two
(3) Three (4) Four
(5) Question not attempted

33. Ṇ̲ S G̲ M P – Bhimpalasi,
G̲ M D N̲ D M G̲ – Bageshri,
M D N Ṡ Ṙ Ṡ N̲ D – Khamaj,
N̲ P M P G̲ M R S – Kanhda
Combinding all the above ragas, denotes which of the following Raga ?

(1) Bahar (2) Miyan Malhar
(3) Basant (4) Jounpuri
(5) Question not attempted

789229

34. निम्नलिखित बिंदुओं द्वारा राग पहचानिए –
i. वादी – तार षड्ज
ii. चंचल प्रकृति राग
iii. सारंग अंग का प्रयोग
iv. कान्हड़ा का प्रकार
(1) सोहनी (2) दरबारी
(3) अडाना (4) बसंत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. राग पहचानिए :
I. नि̣ रे॒ नि̣ ध̣ – – रे॒ – – सा नि̣ रे॒ – – ग मं ग रे॒ –
II. रे॒ सा नि̣ ध̣ नि̣ – मं̣ – ध̣ नि̣ – रे॒ सा नि̣ ध̣ नि̣ –

| | I | II |
|---|---|---|
| (1) | मारवा , | पूरिया |
| (2) | पूरिया , | सोहनी |
| (3) | सोहनी , | मारवा |
| (4) | पूरिया , | मारवा |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. राग छायानट के निम्नलिखित स्वर समुदाय में रेखांकित भाग क्रमशः किन-किन रागों को दर्शाता है ?
रे ग म प म ग म रे सा
प̣ प̣ सा सा रे सा ध̣ प सा सा रे सा
ग म ध प मं प ग म रे सा
(1) गौड़, नट, बिलावल
(2) बिलावल, शुद्ध-कल्याण, हमीर
(3) गौड़, शंकरा, केदार
(4) नट, दुर्गा, शुद्ध-कल्याण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7789229

34. Identify the Raga by following points :
i. Vadi – Tar Shadaj
ii. Chanchal Prakrati Raga
iii. Use of Sarag Ang
iv. A type of kanhda
(1) Sohni (2) Darbari
(3) Adana (4) Basant
(5) Question not attempted

35. Identify the Raga :
I. Ṇ R̲ Ṇ Ḍ – – R̲ – – S Ṇ R̲ – – G M̍ G R̲ –
II. R̲ S Ṇ Ḍ Ṇ – Ṃ̍ – Ḍ Ṇ – R̲ S Ṇ Ḍ Ṇ –

| | I | II |
|---|---|---|
| (1) | Marva , | Puriya |
| (2) | Puriya , | Sohni |
| (3) | Sohni , | Marva |
| (4) | Puriya , | Marva |

(5) Question not attempted

36. Which Ragas are respectively depicted by the underlined parts of the following phrases of Raga Chayanat ?
R G M P M G M R S
P̣ P̣ S S R S Ḍ P S S R S
G M D P M̍ P G M R S
(1) Goud, Nat, Bilawal
(2) Bilawal, Shuddha Kalyan, Hamir
(3) Goud, Shankra, Kedar
(4) Nat, Durga, Shuddha Kalyan
(5) Question not attempted

37. 'श्रुति नाम – तीव्रा, कुमुद्वती, मंदा......' किन ग्रंथों में वर्णित हैं ?

i. राग तरंगिणी ii. संगीत दर्पण
iii. संगीत पारिजात iv. दत्तिल
v. संगीत मकरंद

(1) केवल ii, iii (2) केवल i, iv, v
(3) केवल i, ii, iii (4) केवल ii, iii, iv
(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. 'श्रुति दर्पण – राग दर्पण तथा संगीत दर्पण' क्रमशः क्या हैं ?

(1) वाद्य – ग्रंथ – मासिक पत्रिका
(2) मासिक पत्रिका – ग्रंथ – वाद्य
(3) वाद्य – मासिक पत्रिका – ग्रंथ
(4) ग्रंथ – वाद्य – मासिक पत्रिका
(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. निम्नलिखित संगीतज्ञों को उन्हें प्रदत्त 'पद्म विभूषण ' प्राप्ति वर्ष अनुसार बढ़ते क्रम में चयन कीजिए :

i. शिवकुमार शर्मा
ii. राम नारायण
iii. मल्लिकार्जुन मंसूर
iv. कुमार गधर्व

(1) i, ii, iii, iv (2) iv, iii, i, ii
(3) iii, iv, ii, i (4) ii, iv, iii, i
(5) अनुत्तरित प्रश्न

40. वैदिककालीन 'स्तोभ' के प्रकारों का चयन कीजिए :

i. वर्ण स्तोभ ii. पद स्तोभ
iii. ताल स्तोभ iv. वाक्य स्तोभ

(1) केवल i, ii, iv
(2) केवल iii, iv
(3) केवल ii, iii, iv
(4) सभी i, ii, iii, iv
(5) अनुत्तरित प्रश्न

789229

37. In which texts the 'Shruti names – Teevra, Kumudwati, Manda....' are mentioned ?

i. Rag Tarangini
ii. Sangeet Darpan
iii. Sangeet Parijat
iv. Dattil
v. Sangeet Makrand

(1) Only ii, iii (2) Only i, iv, v
(3) Only i, ii, iii (4) Only ii, iii, iv
(5) Question not attempted

38. What does 'Shruti Darpan – Rag Darpan and Sangeet Darpan' denote respectively ?

(1) Instrument – Treatise – Monthly Magazine
(2) Monthly Magazine – Treatise – Instrument
(3) Instrument – Monthly Magazine – Treatise
(4) Treatise – Instrument – Monthly Magazine
(5) Question not attempted

39. Select the following musicians in ascending order according to the year in which they received 'Padma Vibhushan' :

i. Shiv Kumar Sharma
ii. Ram Narayan
iii. Mallikarjun Mansur
iv. Kumar Gandharva

(1) i, ii, iii, iv (2) iv, iii, i, ii
(3) iii, iv, ii, i (4) ii, iv, iii, i
(5) Question not attempted

40. Select the types of 'STOBH' of Vedic period :

i. Varna Stobh ii. Pada Stobh
iii. Tala Stobh iv. Vakya Stobh

(1) Only i, ii, iv (2) Only iii, iv
(3) Only ii, iii, iv (4) All i, ii, iii, iv
(5) Question not attempted

41. निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है ?
(1) भाषाजनक रागों के नाम पुल्लिंगवाची हैं ।
(2) भाषा, विभाषा तथा अंतर्भाषा रागों के नाम स्त्रीलिंगवाची हैं ।
(3) नाट्यशास्त्र में 5 तथा नारदीय शिक्षा में 6 ग्राम-रागों का उल्लेख है ।
(4) संगीत रत्नाकर में "षड्ज-ग्राम" और "मध्यम-ग्राम" शुद्धागीति के ग्राम-राग हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. संगीत पारिजात की श्रुति-स्वर व्यवस्था में कौन सा कथन असत्य है ?
(1) 22 श्रुतियों पर 7 स्वरों के स्थान क्रमशः 4, 7, 9, 13, 17, 20, 22 हैं ।
(2) श्रुतियों पर 22 विकृत स्वरों का उल्लेख है ।
(3) नियत स्थान से एक श्रुति पीछे– 'पूर्व' तथा दो श्रुति पीछे – 'कोमल' स्वर कहलाता है ।
(4) वीणा के तार पर 7 शुद्ध और 5 विकृत स्वर स्थापित किए गए हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. उ. अल्लादिया खां के शिष्यों का चयन कीजिए :
i. केसर बाई केरकर
ii. वामन राव साडोलीकर
iii. निवृत्ति बुवा सरनाइक
iv. भास्कर बुवा बकले
(1) केवल i
(2) केवल i, ii
(3) केवल i, ii, iii
(4) सभी i, ii, iii, iv
(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. Which of the following statements is false ?
(1) The name of 'Bhasha Janak Ragas' are masculine.
(2) The name of Bhasha, Vibhasha and Antarbhasha Ragas are feminine.
(3) Mention of 5 Gram Ragas in Natyashastra and 6 in Nardiya Shiksha is found.
(4) "Shadajgram" and "Madhyamgram" are the Gram-Raga of Shudha Geeti in Sangeet Ratnakara.
(5) Question not attempted

42. Which of the following statement is false as referred to the Shruti-Swara System of Sangeet Parijat ?
(1) The place of 7 swara on 22 shruties is 4, 7, 9, 13, 17, 20, 22 respectively.
(2) 22 vikrit swara are mentioned on shruties.
(3) The swara is called 'Purva' before one shruti and is called 'Komal' before two shrutis of their original position.
(4) 7 Shuddha and 5 Vikrit swaras are placed on the wire of Veena.
(5) Question not attempted

43. Select the disciples of Ut. Alladiya Khan :
i. Kesar Bai Kerkar
ii. Vaman Rao Sadolikar
iii. Nivratti Bua Sarnaik
iv. Bhaskar Bua Bakhle
(1) Only i
(2) Only i, ii
(3) Only i, ii, iii
(4) All i, ii, iii, iv
(5) Question not attempted

44. शुद्ध सात-स्वरों को क्रम से रखते हुए, इनमें से प्रत्येक स्वर को षड्ज मानकर आगे बढ़ने पर जो छः मूर्च्छनाएँ हमें प्राप्त होंगी, वे ही आधुनिक दस थाटों में से छः थाट हैं । निम्नलिखित में से इन थाटों के अंतर्गत कौन से थाट नहीं आते ?

A. आसावरी  B. खमाज
C. काफी  D. तोड़ी
E. मारवा  F. बिलावल

(1) A, B, E तथा D
(2) D, E
(3) A, B, C, D तथा E
(4) A, B, C, D, E तथा F सभी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. निम्नलिखित में से 'ध्रुवा' के अंगों का चयन कीजिये :

A. मुख
B. प्रतिमुख
C. प्रवृत्त
D. त्रिपताका
E. कर्तरीमुख

(1) A, B तथा C  (2) B, C तथा D
(3) D तथा E  (4) A, B तथा E
(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. कौन से राग लालमणि मिश्र द्वारा सृजित हैं ?

i. मधु भैरव
ii. श्याम बिहाग
iii. मणि रंजनी
iv. जोग तोड़ी

(1) i, iii, iv  (2) i, ii, iii
(3) i, ii, iv  (4) ii, iii, iv
(5) अनुत्तरित प्रश्न

789229

44. Keeping the seven shuddha-swaras in a sequence, considering each of these 'swara' as 'shadaj' and ascending ahead, thus the six 'murchhnas' we will get are the same six 'thaats' out of the ten modern 'Thaats'. Indicate those thaats out of the following which do not fall under this category :

A. Asawari  B. Khamaj
C. Kafi  D. Todi
E. Marva  F. Bilawal

(1) A, B, E & D
(2) D, E
(3) A, B, C, D & E
(4) A, B, C, D, E & F All
(5) Question not attempted

45. Indicate the 'Angas' of 'Dhruva', out of the following :

A. Mukha
B. Pratimukha
C. Pravrit
D. Tripataka
E. Kartarimukha

(1) A, B and C
(2) B, C and D
(3) D and E
(4) A, B and E
(5) Question not attempted

46. Which Ragas are created by Lal Mani Mishra ?

i. Madhu Bhairav
ii. Shyam Bihag
iii. Mani Ranjani
iv. Jog Todi

(1) i, iii, iv  (2) i, ii, iii
(3) i, ii, iv  (4) ii, iii, iv
(5) Question not attempted

47. "सेनिया परंपरा में किसी थाट के स्वरों में कोमल स्वरों को तीव्र तथा तीव्र को कोमल करना 'थाट लौटना' कहलाता है।"

उक्त नियमानुसार "थाट लौटने" की प्रक्रिया में आसावरी थाट के स्वरों से कौन सा 'थाट' निर्मित होगा ?

(1) पूर्वी (2) मारवा
(3) तोड़ी (4) कल्याण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. संस्कृत भाषा में लिखे गये भातखण्डे रचित ग्रंथों को इंगित कीजिये :

A. अभिनव राग मंजरी
B. श्रीमल्लक्ष्य संगीतम्
C. अष्टोत्तर शत ताल लक्षणम्
D. अभिनव संगीतांजली

(1) केवल B
(2) B तथा C
(3) A, B तथा C
(4) A, B, C तथा D सभी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. "प प सां –, सां रें सां –", इस स्वरावली का प्रयोग निम्नलिखित किन रागों के 'अंतरे' में किया जाता है ?

A. छायानट B. केदार
C. कामोद D. रागेश्री

(1) केवल C
(2) B तथा D
(3) A, B तथा C
(4) केवल A
(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. "In Senia tradition, changing the notes of a Thaat from Komal to Teerva and Teevra to Komal is called 'Thaat Loutna'."

Which 'Thaat' will be created by the "Thaat Loutna" of Asawari Thaat according to the above rule ?

(1) Purvi (2) Marva
(3) Todi (4) Kalyan
(5) Question not attempted

48. Indicate the books written in Sanskrit language by Bhatkhande :

A. Abhinav Raga Manjari
B. Shrimallakshya Sangeetam
C. Ashtottar Shat taal Lakshanam
D. Abhinav Sangeetanjali

(1) Only B
(2) B and C
(3) A, B and C
(4) A, B, C and D All
(5) Question not attempted

49. The phrase "P P Ṡ –, Ṡ Ṙ Ṡ –" is used in the 'Antras' of which of the following Ragas ?

A. Chayanat
B. Kedar
C. Kamod
D. Rageshri

(1) Only C
(2) B and D
(3) A, B and C
(4) Only A
(5) Question not attempted

50. भातखण्डे ने 'कल्याण-मेल-जन्य-रागों' का वर्ग-विभाजन किन स्वरों के आधार पर किया है ? निम्न में से इंगित कीजिये :

A. मध्यम वर्जित राग
B. केवल एक तीव्र मध्यम युक्त राग
C. दोनों मध्यम युक्त राग
D. पंचम वर्जित राग

(1) B तथा C (2) B तथा D
(3) A तथा B (4) A, B तथा C
(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए –

| लेखक | | पुस्तक |
|---|---|---|
| A. महाराणा कुम्भा | i. | संगीत राज |
| B. वाज़िद अली शाह | ii. | बन्नी |
| C. राजा चक्रधर सिंह | iii. | नर्तन सर्वस्य |
| D. तानसेन | iv. | रागमाला |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | i | iii | ii | iv |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | iv | i | iii | ii |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. निम्नलिखित तथ्य किस संगीतज्ञ से संबंधित हैं ?

(i) प्रारंभ में सितार वादन किया
(ii) न्यू थियेटर्स से सबद्ध रहे
(iii) बम्बई टॉकीज़ में संगीत-निर्देशक रहे
(iv) हारमोनियम वादक खुशी मुहम्मद के शिष्य रहे

(1) पन्नालाल घोष
(2) मुश्ताक अली खान
(3) ओमकार नाथ ठाकुर
(4) बड़े गुलाम अली खान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. On the basis of which notes, Bhatkhande has classified his 'Kalyan-Mela-Janya-Raga' ? Indicate out of the following :

A. Madhyam-Varjit Raga
B. Only one Teevra-Madhyam containing Raga
C. Containing both 'Madhyams'
D. Pancham-Varjit Raga

(1) B and C (2) B and D
(3) A and B (4) A, B and C
(5) Question not attempted

51. Match the following :

| Author | | Book |
|---|---|---|
| A. Maharana Kumbha | i. | Sangeet Raj |
| B. Wazid Ali Shah | ii. | Banni |
| C. Raja Chakradhar Singh | iii. | Nartan Sarvasya |
| D. Tansen | iv. | Ragmala |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | i | iii | ii | iv |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | iv | i | iii | ii |

(5) Question not attempted

52. Following facts are related to which musician ?

(i) Initially played Sitar
(ii) Associated with new theatres
(iii) Music director in Bombay-Talkies
(iv) Disciple of harmonium player Khushi Mohammad

(1) Panna Lal Ghosh
(2) Mushtak Ali Khan
(3) Omkar Nath Thakur
(4) Bade Gulam Ali Khan
(5) Question not attempted

53. निम्न को सुमेलित कीजिए :

A. ब्रह्म I. 3 खाली 15 ताली

B. लक्ष्मी II. 3 खाली 8 ताली

C. मत्त III. 4 खाली 10 ताली

D. रुद्र IV. 2 खाली 7 ताली

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | I | III | II |
| (2) | II | IV | I | III |
| (3) | I | III | II | IV |
| (4) | III | I | IV | II |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये :

A. बिलावल थाट में ग नि कोमल करने से I. कामवर्धिनी

B. कल्याण थाट में रे ध कोमल करने से II. शुभ पंतुवेराली

C. खमाज थाट में ग ध कोमल करने से III. खरहरप्रिय

D. भैरवी थाट में मं तीव्र एवं नि शुद्ध करने से IV. नट भैरवी

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | I | IV | II | III |
| (2) | III | I | IV | II |
| (3) | IV | II | III | I |
| (4) | II | III | I | IV |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. Match the following :

A. Brahm I. 3 khali 15 tali

B. Laxmi II. 3 khali 8 tali

C. Matt III. 4 khali 10 tali

D. Rudra IV. 2 khali 7 tali

Codes :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | I | III | II |
| (2) | II | IV | I | III |
| (3) | I | III | II | IV |
| (4) | III | I | IV | II |

(5) Question not attempted

54. Match the following :

A. To become Ga Ni Komal in Bilawal thaat I. Kamvardhini

B. To become Re Dha Komal in Kalyan thaat II. Shubh Pantu Varali

C. To become Ga Dha Komal in Khamaj thaat III. Kharharpriya

D. To become Ma teevra & Ni Shuddha in Bhairavi thaat IV. Nat Bhairavi

Codes :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | I | IV | II | III |
| (2) | III | I | IV | II |
| (3) | IV | II | III | I |
| (4) | II | III | I | IV |

(5) Question not attempted

789229

55. निम्नलिखित तथ्य किस संगीतज्ञ से संबंधित हैं ?
(i) सितार की शिक्षा वल्लभदास से प्राप्त की ।
(ii) 'रावजी' से ध्रुपद तथा 'अली हुसैन' से ख्याल की शिक्षा प्राप्त की ।
(iii) 'गायन उत्तेजक मंडल – मुंबई' से संबद्ध रहे ।
(1) अब्दुल हलीम जाफर खां
(2) इनायत खान
(3) कुमार गंधर्व
(4) भातखण्डे
(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. अभिकथन (A) : किसी भी राग में वादी-संवादी द्वारा बहुत्व होता है ।
कारण (R) : राग भीमपलासी में पंचम अनुवादी होते हुए भी उसे "अभ्यासमूलक बहुत्व" दिया जाता है ।
(1) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(2) (A) सही और (R) गलत है ।
(3) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(4) (R) सही और (A) गलत है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये :

| | वाद्य-वृन्द | | रचनाकार |
|---|---|---|---|
| A. | मैहर | I. | रवि शंकर |
| B. | कारवां | II. | अमजद अली खाँ |
| C. | एकता के स्वर | III. | लालमणि मिश्र |
| D. | सृष्टि चक्र | IV. | अल्लाउद्दीन खाँ |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | I | II | III | IV |
| (2) | III | IV | I | II |
| (3) | II | III | IV | I |
| (4) | IV | I | II | III |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. The following facts are related to which musician ?
(i) Received the training of sitar from Vallabhdas.
(ii) Received the training of Dhrupad from 'Raoji' and Khayal from 'Ali Hussain'.
(iii) Associated with 'Gayan Uttejak Mandal – Mumbai'.
(1) Abdul Halim Jafar Khan
(2) Inayat Khan
(3) Kumar Gandharva
(4) Bhatkhande
(5) Question not attempted

56. **Assertion (A)** : Bahutva is performed by Vadi-Samvadi swaras in any raga.
**Reason (R)** : Despite being Anuvadi in Raga Bhimpalasi, the Pancham-swar is treated as "Abhyas-Mulak-Bahutva".
(1) (A) and (R) both are wrong.
(2) (A) is correct, (R) is wrong.
(3) (A) and (R) both are correct.
(4) (R) is correct, (A) is wrong.
(5) Question not attempted

57. Match the following :

| | **Vadhya-vrind** | | **Composer** |
|---|---|---|---|
| A. | Mehar | I. | Ravi Shankar |
| B. | Karvan | II. | Amjad Ali Khan |
| C. | Ekta ke Swara | III. | Lal Mani Mishra |
| D. | Srishti Chakra | IV. | Allauddin Khan |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | I | II | III | IV |
| (2) | III | IV | I | II |
| (3) | II | III | IV | I |
| (4) | IV | I | II | III |

(5) Question not attempted

789229

58. अभिकथन (A) : अगर हमें दो स्वरों की आन्दोलन संख्या मालूम हो, तो उसका गुणान्तर निकाला जा सकता है ।

कारण (R) : अगर एक ही स्वर की लम्बाई मालूम हो, तो गुणान्तर द्वारा दूसरे स्वर की लम्बाई मालूम की जा सकती है ।

(1) (A) गलत है व (R) सही है ।
(2) (A) सही है व (R) गलत है ।
(3) (A) व (R) दोनों सही हैं ।
(4) (A) व (R) दोनों गलत हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. 'कृति' के संबंध में कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) 'कृति' का स्थान वही है, जो उत्तर भारत में 'ख़्याल' का है ।
(2) कृति में नेरावल का प्रयोग किया जाता है ।
(3) कृति में कम से कम तीन अंग होते हैं – पल्लवी, अनुपल्लवी तथा चरण ।
(4) कृति – द्रुत, मध्य, विलंबित व अतिविलंबित सभी लयों में गायी जाती है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. अभिकथन (A) : भरत के षड्ज-ग्राम में यदि आरंभिक स्वर "निषाद" को मानकर आरोही करें तो बिलावल के स्वर बनते हैं ।

कारण (R) : बिलावल थाट के स्वर भरत के षड्ज-ग्राम की रजनी मूर्च्छना है ।

(1) (A) सही है व (R) गलत है ।
(2) (A) व (R) दोनों सही हैं ।
(3) (R) सही है व (A) गलत है ।
(4) (A) व (R) दोनों गलत हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. **Assertion (A) :** If we know the frequency of two swars, then the fraction can be calculated.

**Reason (R) :** If we know the length of one swar, then length of the other swar can be measured by fraction.

(1) (A) is wrong and (R) is correct.
(2) (A) is correct and (R) is wrong.
(3) Both (A) and (R) are correct.
(4) Both (A) and (R) are wrong.
(5) Question not attempted

59. Which of the following statement is not correct regarding 'Kriti' ?

(1) 'Kriti' is the same as 'khayal' in North India.
(2) Neraval is used in Kriti.
(3) Kriti consists minimum three parts – Pallavi, Anupallavi and Charan.
(4) Kriti is sung in all the 'layas' like – Drut, Madhya, Vilambit and Ativilambit.
(5) Question not attempted

60. **Assertion (A) :** The notes of Bilawal will appear if "Nishad" is considered as an initial note in Shadaj-Gram of Bharat.

**Reason (R) :** Swar of Bilawal thaat is Rajani Murchhna of Bharat's Shadaj-Gram.

(1) (A) is correct and (R) is wrong.
(2) (A) and (R) both are correct.
(3) (R) is correct and (A) is wrong.
(4) (A) and (R) both are wrong.
(5) Question not attempted

61. समसाधृत-ग्राम के स्वर, प्राकृतिक-ग्राम के स्वरों से ऊँचे-नीचे होते हैं । निम्नलिखित में से उन स्वरों को इंगित करें जो प्राकृतिक-ग्राम के स्वरों से नीचे हैं :

A. कोमल रे

B. शुद्ध रे

C. शुद्ध ग

D. पंचम

(1) केवल A (2) A तथा B

(3) A, B तथा D (4) केवल C

(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. "रें नि ध प" स्वरावली में "मं ग मं – ग" स्वरावली जोड़ देने पर 'पूर्वी थाट' के किस राग का दर्शन होगा ?

(1) पूरिया धनाश्री

(2) बसंत

(3) श्री

(4) मुल्तानी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. किस संगीतज्ञ को निम्नलिखित उपाधियों से विभूषित किया गया ?

(A) संगीत महामहोपाध्याय

(B) संगीत प्रभाकर

(C) संगीत मार्तण्ड

(D) डी. लिट. की मानद उपाधि

(1) राजा चक्रधर सिंह

(2) ओमकार नाथ ठाकुर

(3) कृष्णराव पंडित

(4) बालकृष्ण बुवा इचलकरंजीकर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. The swara of tempered-scale are higher and lower than the sounds of natural scale. Indicate the 'swaras' which are lower than the 'swaras' of natural-scale :

A. Komal-Re

B. Shuddha-Re

C. Shuddha-Ga

D. Pancham

(1) Only A (2) A & B

(3) A, B & D (4) Only C

(5) Question not attempted

62. Which 'raga of' 'Poorvi-thaat' will appear by adding the phrase "Ma Ga Ma – Ga" to the phrase "Re Ni Dha Pa" ?

(1) Pooriya Dhanashri

(2) Basant

(3) Shree

(4) Multani

(5) Question not attempted

63. Which musician was awarded with the following titles ?

(A) Sangeet Mahamahopadhyay

(B) Sangeet Prabhakar

(C) Sangeet Martand

(D) Honorary Degree of D. Lit.

(1) Raja Chakradhar Singh

(2) Omkar Nath Thakur

(3) Krishna Rao Pandit

(4) Balkrishna Bua Ichalkaranjikar

(5) Question not attempted

789229

64. निम्नलिखित श्रुति-स्वर-स्थान, मध्यम-ग्राम की किस 'मूर्च्छना' को दर्शाते हैं ?

"2, 4, 3, 4, 2, 4, 3"

(1) सौवीरी

(2) हरिणाश्व

(3) कलोपनता

(4) शुद्ध मध्या

(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. शारंग देव के अनुसार, 'निषाद' अपने 'कैशिकत्व' में कितनी श्रुति का होता है ?

(1) द्विश्रुतिक

(2) त्रिश्रुतिक

(3) चतुश्रुतिक

(4) षट्श्रुतिक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. दक्षिणी संगीत की कौन सी कृति 108 रागों व 108 तालों में निबद्ध है ?

(1) एट्टु कड

(2) नाटकादि विद्याला

(3) पंचरत्नम्

(4) पन्नगेन्द्र शयनम्

(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. The following 'Shruti-swara-sthana' represents which 'Moorchhna' of Madhyam-Gram ?

"2, 4, 3, 4, 2, 4, 3"

(1) Sauviri

(2) Harinashva

(3) Kalopanta

(4) Shudha Madhya

(5) Question not attempted

65. How many 'shruties' does a 'Nishad' have in its 'Kaishikatva', according to Sharang Dev ?

(1) Dvishrutik

(2) Trishrutik

(3) Chatushrutik

(4) Shatshrutik

(5) Question not attempted

66. Which South-Indian composition is composed in 108 'Ragas' and 108 'Taalas' ?

(1) Aittu Kad

(2) Natakaadi Vidyala

(3) Panchratnam

(4) Pannagendra shayanam

(5) Question not attempted

789229
789229
789229
789229

67. नियम : (1) विवादी स्वर का, राग के अपने नियमित पड़ोसी स्वर से $\frac{16}{15}$ का अन्तराल होना आवश्यक है।

(2) विवादी स्वर का संवादी स्वर, राग में होना आवश्यक है।

उक्त नियम के अनुसार कौन सा विकल्प सही नहीं है ?

(1) राग केदार – विवादी : नि कोमल

(2) राग देस – विवादी : ग कोमल

(3) राग गुणक्री – विवादी : नि कोमल

(4) राग यमन – विवादी : म शुद्ध

(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. अभिकथन (A) : चतुर्दण्डिप्रकाशिका में वर्णित शुद्ध-स्वर-सप्तक वो ही है, जो स्वरमेल कलानिधि का है।

कारण (R) : रामामात्य के ग्रंथ को दक्षिणात्य के आधार-ग्रंथों में सम्मिलित किया जाता है।

(1) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं।

(2) (A) सत्य है परंतु (R) असत्य है।

(3) (A) तथा (R) दोनों असत्य हैं।

(4) (A) असत्य है परंतु (R) सत्य है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. **Rule :** (1) The Vivadi swara must have an interval of $\frac{16}{15}$ from its regular neighbouring swara of Raga.

(2) The Samvadi-swara of the Vivadi-swara must be present in that Raga.

Which option is false according to the above rules ?

(1) Raga Kedar – Vivadi : Ni Komal

(2) Raga Des – Vivadi : Ga Komal

(3) Raga Gunakri – Vivadi : Ni Komal

(4) Raga Yaman – Vivadi : Ma Shuddha

(5) Question not attempted

68. **Assertion (A) :** 'Shudha-swara-saptak' described in Chaturdandiprakashika is the same as of Swaramela Kalanidhi.

**Reason (R) :** Ramamatya's treatise is considered as the base-book of South Indian Music.

(1) (A) and (R) both are true.

(2) (A) is true but (R) is false.

(3) (A) and (R) both are false.

(4) (A) is false but (R) is true.

(5) Question not attempted

789229

**69.** पाश्चात्य स्वरलिपि में प्रयुक्त स्टैकैटो के चिह्न को इंगित कीजिये :

A. 

B. 

C. 

(1) केवल A

(2) A तथा C

(3) B तथा C

(4) A, B तथा C सभी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**70.** **अभिकथन (A)** : भरत व मतंग ने 'म-नि' में 9 श्रुति का अंतराल होने पर भी 'संवाद' नहीं माना है ।

**कारण (R)** : भरत व मतंग ने 9 अथवा 13 श्रुतियों का अंतर होने के साथ, दोनों स्वरों का समश्रुतिक होना भी आवश्यक माना है ।

(1) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं ।

(2) (A) सत्य है परंतु (R) असत्य है ।

(3) (A) तथा (R) दोनों असत्य हैं ।

(4) (A) असत्य है परंतु (R) सत्य है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**69.** Indicate the sign of staccato used in western notation :

A. 

B. 

C. 

(1) Only A

(2) A and C

(3) B and C

(4) A, B and C All

(5) Question not attempted

**70.** **Assertion (A)** : Bharat and Matang has not considered 'Ma-Ni' to be a 'samvad' despite the interval of 9 shruties between them.

**Reason (R)** : Bharat and Matang have considered it necessary for both the 'Swaras' to be 'Sam Shrutik' along with the interval of 9 or 13 'shruties'.

(1) (A) and (R) both are true.

(2) (A) is true but (R) is false.

(3) (A) and (R) both are false.

(4) (A) is false but (R) is true.

(5) Question not attempted

789229

71. अकबर ने तानसेन को किस उपाधि से सम्मानित किया ?

(1) संगीत शिरोमणि

(2) कण्ठाभरणवाणी विलास

(3) संगीत सम्राट

(4) कला शिरोमणि

(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. मुत्तुस्वामी दीक्षित्तर ने राग हमीर-कल्याणी की रचना किन उत्तर-भारतीय रागों से प्रभावित होकर की ?

(1) हमीर व छायानट (2) कल्याण व कामोद

(3) यमन व भूपाली (4) हमीर व केदार

(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. गुरु व शिष्य का सही मेल चुनिए :

| | शिष्य | | गुरु |
